<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

इरेडा नेपाल में 900 मेगावाट की हाइड्रो परियोजनाओं में 290 करोड़ रुपये की निवेश करेगी

नई दिल्ली, 17 जुलाई, 2024

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने नेपाल में 900 मेगावाट की हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर परियोजना में निवेश करने का निर्णय लिया है। लगभग 290 करोड़ रुपये के निवेश से इरेडा को जीएमआर अपर करनाली हाइड्रो पावर लिमिटेड, नेपाल और करनाली ट्रांसमिशन कंपनी प्राइवेट लिमिटेड, नेपाल में 10% तक की हिस्सेदारी मिल जाएगी।

इस रणनीतिक कदम का उद्देश्य, एसजेवीएन लिमिटेड के सहयोग से नेपाल में 900 मेगावाट की अपर करनाली हाइड्रो-इलेक्ट्रिक पावर परियोजना की स्थापना में सहायता करना है। यह परियोजना भारत सरकार और अन्य विनियामक प्राधिकरणों से अनुमोदन के अधीन आगे बढ़ेगी। इरेडा के निदेशक मंडल ने कल हुई अपनी बैठक में इस इक्विटी निवेश के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी।

इस बारे में इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने कहा कि , "यह रणनीतिक निवेश अक्षय ऊर्जा अवसंरचना के विस्तार करने तथा इस क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। इस 900 मेगावाट की परियोजना नेपाल में जलविद्युत क्षमता का दोहन करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जोकि क्षेत्रीय ऊर्जा सुरक्षा और सतत विकास के लिए योगदान देगी ।"

जीएमआर और नेपाल विद्युत प्राधिकरण, नेपाल सरकार, मैसर्स जीएमआर अपर करनाली हाइड्रो पावर लिमिटेड, नेपाल में मौजूदा शेयरधारक हैं। इस परियोजना में इरेडा और एसजेवीएन लिमिटेड को शामिल करना अक्षय ऊर्जा क्षमता को बढ़ाने और ऊर्जा स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह एक मजबूत क्षेत्रीय सहयोग को रेखांकित करता है।